# साहू जगदीश सरन ने अमरोहा में शिक्षा की मशाल जलाई

sunshinenews.in/2022/10/sahu-jagdish-saran-lit-the-torch-of-education-in-amroha/

Dr. Deepak Agarwal

October 10, 2022






**डॉ. दीपक अग्रवाल**
**अमरोहा/उत्तर प्रदेश (सनशाइन न्यूज)**
जेएस हिंदू पीजी कालेज और जेएस हिंदू इण्टर कॉलेज अमरोहा मे संस्थापक साहू जगदीश सरन जी की 124 वीं जयंती हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई।
जेएस पीजी कालेज में संस्थापक दिवस समारोह का शुभारंभ यज्ञ से हुआ। तत्पश्चात साहू जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि/श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद सेमीनार कक्ष में कार्यक्रम हुआ।
इस अवसर मुख्य अतिथि डॉ. हरि सिंह ढिल्लों, विशिष्ट अथिति अपर जिलाधिकारी भगवान शरण तथा प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय मालीवाल एवं मंत्री योगेश कुमार जैन, संयोजक उमेश कुमार गुप्ता, उप प्रधान लीलाधर अरोड़ा, पूर्व प्राचार्य डॉ पवन कुमार जैन एवं डॉ वंदना रानी गुप्ता, नगर के अन्य अनेक गणमान्य पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

### अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए

शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि हमें समाज के लिए हमेशा सकारात्मक योगदान करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।
विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी भगवान शरण ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए समाज में नैतिकता और मूल्य संवर्धन एवं विकास में उनकी भूमिका निर्वहन पर बल दिया। के.ए. पीजी कॉलेज, कासगंज के प्राचार्य डॉ अशोक रुस्तगी ने इस अवसर पर साहू जगदीश सरन जी के दया,दान,धर्म की विस्तार से चर्चा की।

## मेधावी छात्रों का सम्मान



इसके उपरांत हिंदी विभाग की अध्यक्ष प्रोफ़ेसर बीना रुस्तगी ने स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र एवं छात्राओं को शिष्ट विशिष्ट अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत कराया। इस अवसर पर कुछ विशेष पुरुस्कार भी दिए गए। जिनमें स्वर्गीय अभिनंदन जैन स्मृति पुरस्कार, स्वर्गीय सुमत कुमार जैन स्मृति पुरस्कार भी प्रदान किए गए।
अंत में प्राचार्य डॉ० वीर वीरेंद्र सिंह ने महाविद्यालय स्तर पर होने वाली विकासात्मक उपलब्धियों और योजनाओं पर प्रकाश डाला और धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डॉ अरविंद कुमार शास्त्री ने किया। अतिथियांे को भी सम्मानित किया गया।
वर्तमान में महाविद्यालय में उल्लेखनीय योगदान के लिए उपस्थित प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय मालीवाल, उपाध्यक्ष लीलाधर अरोड़ा, मंत्री योगेश कुमार जैन, कोषाध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता को प्रतीक चिन्ह देकर प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। ।

## शिक्षा के क्षेत्र में योगदान अतुलनीय



जेएस हिंदू इण्टर कॉलेज अमरोहा मे साहू जगदीश सरन की 124 वीं जयंती पर सर्वप्रथम साहू जी के चित्र का अनावरण विद्यालय के प्रबंधक अनिल स्वरूप टंडन, उप मंत्री उमेश चन्द गुप्ता कोषाध्यक्ष दिवेश चन्द बाहेती, प्रधानाचार्य डॉ गजेन्द्र पाल सिंह ने संयुक्त रूप से किया, तत्पश्चात साहू जगदीश सरन जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि समर्पित की। इस अवसर पर प्रबंधक अनिल स्वरूप टण्डन ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को भुलाया नही जा सकता।
विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. जीपी सिंह ने कहा कि ऐसे समय मे जब समाज में शिक्षा की बहुत आवश्यकता थी, तब साहू साहब ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई।
इसके उपरान्त पं. अनिल शर्मा ने इस अवसर पर पूरे विधि विधान से यज्ञ हवन सम्पन्न कराया।
इस अवसर पर डॉ राजवीर सिंह, शैलेष कुमार पंकज, डॉ शिवशंकर यादव,डॉ राजेश राजपूत, अनिल कुमार, लल्लू सिंह, सुधीर गुप्त, कालीचरन शर्मा, रज़ा इमाम, शंभूनाथ कश्यप, मधूलिका, मनोज गौड़,करतार सिंह, अवधेश कुमार, पुष्पेन्द्र सिंह, राधेश्याम,विनोद कुमार, श्यामधर पाल,सावित्री देवी, नेंसी शर्मा, विदुषी तोमर,अतुल कुमार शर्मा, राजीव सिंह, राजेश कुमार,कृष्ण गोपाल वर्मा, कुमेर सिंह, प्रमोद कुमार, राजबहादुर सहित पूरा विद्यालय-परिवार मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वीके शुक्ल ने किया।

# अमरोहा के शीर्षस्थ जेएस डिग्री कॉलेज में स्थापना दिवस व संस्थापक साहू जगदीश सरन की मनाई गयी जयंती

## सही मायनों में निष्काम कर्मयोगी थे साहू जगदीश सरन : डॉ ढ़िल्लों







अभय केसरी ब्यूरो

**अमरोहा।** जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज अमरोहा का 62वां स्थापना दिवस और संस्थापक महामना साहू जगदीश सरन की 124 वीं जयंती श्री अभिनंदन जैन सेमीनार कक्ष में सोमवार को भव्य समारोह के रूप में मनाई गई। संस्थापक दिवस समारोह का शुभारंभ सर्वप्रथम पावन पुनीत कार्य यज्ञ हवन के द्वारा किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय में स्थापित साहू जी की प्रतिमा पर विशिष्ट अतिथियों, प्रबंध समिति के मान्य सदस्यों एवं प्राचार्य के द्वारा पुष्पांजलि/श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद महाविद्यालय के सेमीनार कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन शिष्ट विशिष्ट अतिथियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही संस्थापक साहू जगदीश सरन जी तथा महाविद्यालय विकास में अन्य सहयोगी विभूतियों के चित्रों पर भी माल्यार्पण किया गया।

इस अवसर मुख्य अतिथि डॉ0 हरि सिंह ढिल्लों, विशिष्ट अथिति अपर जिलाधिकारी भगवान शरण तथा प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय मालीवाल एवं मंत्री योगेश कुमार जैन, संयोजक उमेश कुमार गुप्ता, उपप्रधान लीलाधर अरोड़ा, पूर्व प्राचार्य डॉ0 पवन कुमार जैन एवं डॉ0 वंदना रानी गुप्ता, नगर के अन्य अनेक गणमान्य पुरुष एवं महिलाएं मौजूद रही।

इस आयोजन में शिक्षक विधायक डॉ0 हरि सिंह ढिल्लो ने अपने संबोधन में कहा कि हमें समाज के लिए हमेशा सकारात्मक योगदान करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। साहू जगदीश सरन सच्चे अर्थों में निष्काम कर्मयोगी थे। वह आजीवन शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित रहे। ऐसे महापुरुष निश्चय ही समाज को एक नई दिशा देते हैं और हमारा पथ उज्ज्वल बनाते हैं।

विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी भगवान शरण ने गुरु की महिमा का




वर्णन करते हुए समाज में नैतिकता और मूल्य संवर्धन एवं विकास में उनकी भूमिका निर्वहन पर बल दिया। केए पीजी कॉलेज, कासगंज के प्राचार्य एवं जेएस हिंदू पीजी कॉलेज, अमरोहा के राजनीतिशास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो0 डॉ0 अशोक रुस्तगी ने इस अवसर पर साहू जगदीश सरन के दया, दान, धर्म की विस्तार से चर्चा की।

इसके उपरांत हिंदी विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर बीना रुस्तगी ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र एवं छात्राओं को शिष्ट विशिष्ट अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत कराया। इस अवसर पर कुछ विशेष पुरुस्कार भी दिए गए। जिनमें स्वर्गीय अभिनंदन जैन स्मृति पुरस्कार, स्वर्गीय सुमत कुमार जैन स्मृति पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

अंत में प्राचार्य डॉ0 वीर वीरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में महाविद्यालय स्तर पर होने वाली विकासात्मक उपलब्धियों और योजनाओं पर प्रकाश डाला और सभी के आगमन प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम का संचालन बड़ी ही प्रवीणता और कुशलता के साथ भाषाई अलंकारिक, काव्यात्मक और सामृद्धिक रूप से डॉ0 अरविंद कुमार शास्त्री ने किया। महाविद्यालय की विकास यात्रा के संस्थापक साहू जगदीश सरन जी से लेकर वर्तमान तक के शिल्पकारों के योगदान को एक कविता के रूप में आपने बड़े भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। जिसकी सभी ने करतल ध्वनि और अपने संबोधन द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की है। इस शुभावसर पर शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लों व विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी भगवान शरण को प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

वर्तमान में महाविद्यालय में उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन और योगदान के लिए उपस्थित प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय मालीवाल, उपाध्यक्ष लीलाधर अरोड़ा, मंत्री योगेश कुमार जैन, कोषाध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता को प्रतीक चिन्ह देकर प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों ने महाविद्यालय परिवार की टीम वर्क भावना को भी बखूबी सराहा।

इस अवसर पर छात्र छात्राओं एवं समस्त महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति शोभायमान रही। इस मौके पर स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर अच्छे अंक लाने वाले मेधावी को भी किया गया सम्मानित



अमर उजाला आस

# साहू जगदीश सरन जैसे कर्मठ कभी कभार ही लेते हैं जन्म

संवाद न्यूज एजेंसी

**अमरोहा।** जे एस हिंदू पीजी कॉलेज में 62वां स्थापना दिवस एवं संस्थापक महामना साहू जगदीश सरन की 124वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया।

संस्थापक दिवस समारोह का शुभारंभ यज्ञ हवन के द्वारा किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय में स्थापित साहू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि हमें समाज के लिए हमेशा सकारात्मक योगदान करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी भगवान शरण ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए समाज में नैतिकता और मूल्य संवर्धन एवं विकास में उनकी भूमिका निर्वहन पर बल दिया। महाविद्यालय की विकास यात्रा के संस्थापक साहू जगदीश सरन जी से लेकर वर्तमान तक के शिल्पकारों के योगदान को एक कविता के रूप में आपने बड़े भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कृत किया गया एवमं स्वर्गीय अभिनंदन जैन स्मृति पुरस्कार, स्वर्गीय सुमत कुमार जैन स्मृति पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

इस दौरान प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय मालीवाल, मंत्री योगेश कुमार जैन, संयोजक उमेश कुमार गुप्ता, उप प्रधान लीलाधर अरोड़ा, प्राचार्य डॉ वीर वीरेंद्र सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ. पवन कुमार जैन, डॉ. वंदना रानी गुप्ता, डॉ. अशोक रुस्तगी, हिंदी विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. बीना रुस्तगी, रहे।

यूं: मुलायम सिंह नेताजी को याद किया गया।

# स्कूल वाली वेतन रोका

ौला : प्राथमिक
की भूड़ खालसा
ना ही स्कूल में
चार्ज अध्यापिका
ओं का अग्रिम
कने की कार्रवाई

द्यालय में सात
हैं। लेकिन, लंबे
विद्यार्थी पढ़ने के
और न ही छात्र
गांव के लोगों का
क्षिकाएं भी स्कूल
जाने के लिए आती
बाइलों के सहारे
चली जाती हैं। इस
ाओं द्वारा विभागीय
भी ये अवगत भी
कि स्कूल में बच्चे
ताकि वहां पर गांव के
किया जा सके। ऐसे
ापिका स्वाति तोमर
सविता की लापरवाही
तो अब प्रशासनिक
ने दोनों शिक्षिकाओं
लब करते हुए अग्रिम
ेतन रोक दिया है। खंड
ारी मोहम्मद राशिद ने
दोनों शिक्षकों का वेतन
श तक रोक दिया गया
बिना बच्चों के ही ड्यूटी
बड़ी लापरवाही है।




अमरोहा के जेएस हिंदू डिग्री कालेज में स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों • जागरण

# जेएस हिंदू पीजी कालेज में धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

## शिक्षक विधायक व डीएम ने साहूजी की प्रतिमा का किया माल्यार्पण

जागरण संवाददाता, अमरोहा : जेएस हिंदू पीजी कालेज में सोमवार को साहू जगदीश सरन की 124वीं जयंती भव्य समारोह के रूप में मनाई गई।.जिसमें कालेज संस्थापक साहू जी की प्रतिमा का माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

संस्थापक दिवस समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो, विशिष्ट अतिथि डीएम बीके त्रिपाठी और प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय मालीवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित से किया। साथ ही महाविद्यालय के संस्थापक साहू जगदीश सरन तथा अन्य सहयोगी विभूतियों की प्रतिमाओं का माल्यार्पण किया। केए पीजी कालेज कासगंज के प्राचार्य डा. अशोक रुस्तगी ने इस अवसर पर साहू जगदीश सरन के दया, दान,धर्म की विस्तार से चर्चा की। इस अवसर समिति के मंत्री योगेश कुमार जैन, संयोजक उमेश कुमार गुप्ता, उप प्रधान लीलाधर अरोड़ा, पूर्व प्राचार्य डा. पवन कुमार जैन, हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. बीना रुस्तगी, डा. वंदना रानी गुप्ता समेत नगर के अन्य गणमान्य पुरुष व महिलाएं मौजूद रहीं। वहीं जेएस हिन्दू इंटर कालेज में भी कालेज संस्थापक शाहू जगदीश शरण की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक अनिल स्वरूप टंडन, उपमंत्री उमेश चंद गुप्ता, दिवेश चंद बाहेती, प्रधानाचार्य गजेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# जेएस डिग्री कॉलेज का स्थापना दिवस व संस्थापक साहू की मनाई जयंती

## साहू जगदीश सरन सच्चे अर्थों में थे निष्कामी कर्मयोगी: डॉ0 ढ़िल्लों








**पं0 देवेश शर्मा**

**अमरोहा (आर्यावर्त केसरी)।** जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज अमरोहा का 62वां

**खास बात**

**स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर अच्छे अंक लाने वाले मेधावी सम्मानित**

स्थापना दिवस और संस्थापक महामना साहू जगदीश सरन की 124वीं जयंती श्री अभिनंदन जैन सेमीनार कक्ष में सोमवार को भव्य समारोह के रूप में मनाई गई।

संस्थापक दिवस समारोह का शुभारंभ सर्वप्रथम पावन पुनीत कार्य यज्ञ हवन के द्वारा किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय में स्थापित साहू जी की प्रतिमा पर विशिष्ट अतिथियों, प्रबंध समिति के मान्य सदस्यों एवं प्राचार्य के द्वारा पुष्पांजलि/श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद महाविद्यालय के सेमीनार कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन शिष्ट विशिष्ट अतिथियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही संस्थापक साहू जगदीश सरन जी तथा महाविद्यालय विकास में अन्य सहयोगी विभूतियों के चित्रों पर भी माल्यार्पण किया गया।

इस अवसर मुख्य अतिथि डॉ0 हरि सिंह ढिल्लों, विशिष्ट अथिति अपर जिलाधिकारी भगवान शरण तथा प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय मालीवाल एवं मंत्री योगेश कुमार जैन, संयोजक उमेश कुमार गुप्ता, उपप्रधान लीलाधर अरोड़ा, पूर्व प्राचार्य डॉ0 पवन कुमार जैन एवं डॉ0 वंदना रानी गुप्ता, नगर के अन्य अनेक गणमान्य पुरुष एवं महिलाएं मौजूद रही।

इस आयोजन में शिक्षक विधायक डॉ0 हरि सिंह ढिल्लो ने अपने संबोधन में कहा कि हमें समाज के लिए हमेशा सकारात्मक योगदान करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। साहू जगदीश सरन सच्चे अर्थों में निष्काम कर्मयोगी थे। वह आजीवन शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित रहे। ऐसे महापुरुष निश्चय ही समाज को एक नई दिशा देते हैं और हमारा पथ उज्वल बनाते हैं। विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी भगवान शरण ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए समाज में नैतिकता और मूल्य संवर्धन एवं विकास में उनकी भूमिका निर्वहन पर बल दिया। केए पीजी कॉलेज, कासगंज के प्राचार्य एवं जेएस हिंदू पीजी कॉलेज, अमरोहा के राजनीतिशास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो0 डॉ0 अशोक रुस्तगी ने इस अवसर पर साहू जगदीश सरन के दया, दान, धर्म की विस्तार से चर्चा की।

इसके उपरांत हिंदी विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर बीना रुस्तगी ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र एवं छात्राओं को शिष्ट विशिष्ट अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत कराया। इस अवसर पर कुछ विशेष पुरुस्कार भी दिए गए। जिनमें स्वर्गीय अभिनंदन जैन स्मृति पुरस्कार, स्वर्गीय सुमत कुमार जैन स्मृति पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

अंत में प्राचार्य डॉ0 वीर वीरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में महाविद्यालय स्तर पर होने वाली विकासात्मक उपलब्धियों और योजनाओं पर प्रकाश डाला और सभी के आगमन प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम का संचालन बड़ी ही प्रवीणता और कुशलता के साथ भाषाई अलंकारिक, काव्यात्मक और सामृद्धिक रूप से डॉ0 अरविंद कुमार शास्त्री ने किया। महाविद्यालय की विकास यात्रा के संस्थापक साहू जगदीश सरन जी से लेकर वर्तमान तक के शिल्पकारों के योगदान को एक कविता के रूप में आपने बड़े भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। जिसकी सभी ने करतल ध्वनि और अपने संबोधन द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

इस शुभावसर पर शिक्षक विधायक डॉ0 हरि सिंह ढिल्लों व विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी भगवान शरण को प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

वर्तमान में महाविद्यालय में उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन और योगदान के लिए उपस्थित प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय मालीवाल, उपाध्यक्ष लीलाधर अरोड़ा, मंत्री योगेश कुमार जैन, कोषाध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता को प्रतीक चिन्ह देकर प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों ने महाविद्यालय परिवार की टीम वर्क भावना को भी बखूबी सराहा। इस अवसर पर छात्र छात्राओं एवं समस्त महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति शोभायमान रही।












स्वनाम धन्य, उदारमना साहू जगदीश सरन जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित
संस्थापक




साहू जगदीश सरन जी के जन्म दिवस के उपल


दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित


उपलक्ष्य में आयोजित
संस्थापक
दिवस